रजिस्ट्री सं० डी-222 REGISTERED

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 1] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 1, 1972 (पौष, 11, 1893)
No. 1] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 1, 1972 (PAUSA 11, 1893)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 8 फरवरी 1971 तक प्रकाशित किये गये हैं :
The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to 8th February 1971 :—

अंक (Issue No.)	संख्या और तिथि (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)
1	2	3	4

शून्य
—NIL—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दि
मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर
Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied

विषय-सूची

पृष्ठ

-(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) के मंत्रालयों और उच्चतम ... जारी की गई विधिक र ... विनियमों तथा आदेशों और ... कल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . 1

...—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं 1

I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . —

I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, ... से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 1

...—अधिनियम, अध्यादेश और . . . —

2—विधेयक और विधेयकों संबंधी ...तियों की रिपोर्टें . —

...—उप-खंड (i)—(रक्षा मंत्रालय ...) भारत सरकार के मंत्रालयों ...ज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को ...न्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए ... अन्तर्गत बनाए और जारी साधारण नियम (जिनमें साधारण ... आदेश, उप-नियम आदि . . . 1

भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . 1

भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश . 1

भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 1

भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें 1

भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं . 1

भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं . . . 1

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें . 1

पूरक संख्या 1—

25 दिसम्बर 1971 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी सम्बंधी साप्ताहिक रिपोर्ट 1

4 दिसम्बर 1971 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़े . 13

CONTENTS

PAGE

...—Notifications relating to ... Rules, Regulations, Orders ... issued by the Ministries ...nment of India (other than ... of Defence) and by the ...art 1

... 2.—Notifications regarding ...s, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Minis... ...vernment of India (other than ... of Defence) ... the ... .n- 1

—

1

—

—

PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) .. 1

PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence .. 1

PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India .. 1

PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta .. 1

PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners 1

PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 1

PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies 1

SUPPLEMENT No. 1—

Weekly Epidemiological Reports for week ending ... 1971 1

भाग I—खण्ड 1

(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 21 दिसम्बर 1971

सं० 85-प्रेज० 71—शुद्धिपत्र दिनांक 24 मई, 1969 के भारतीय राजपत्र के भाग 1, खण्ड 1 में प्रकाशित इस सचिवालय की अधिसूचना सं० 26-प्रेजा 69 दिनांक 18 नवम्बर 1968 में शुद्धि करने हेतु :—

(1) "उन्नत रक्षा सुरक्षा कोर मैडल" शीर्षक के नीचे द्वितीय धारा में "परिमा के साथ साथ हिन्दी में" उन्नत रक्षा सुरक्षा कोर मैडल" अंकित होगा"। **वास्ते**

"परिमा के साथ साथ हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों में "उन्नत रक्षा सुरक्षा कोर मैडल" अंकित होगा"। **पढ़ें**

(2) "रक्षा सुरक्षा कोर मैडल" शीर्षक के नीचे द्वितीय धारा में "परिमा के साथ साथ हिन्दी में" रक्षा सुरक्षा कोर मैडल" अंकित होगा"। **वास्ते**

"परिमा के साथ साथ हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों में" रक्षा सुरक्षा कोर मैडल" अंकित होगा।" **पढ़ें**

नागेन्द्र सिंह, राष्ट्रपति के सचिव

कृषि मंत्रालय

(सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 7 दिसम्बर, 1971

सं० ओ० 17011/9/1971-जी०ओ० पी०—भारत सरकार ने अपनी अधिसूचना संख्या 1-25/65-सी० सी०, दिनांक 27 मई, 1966 में प्रत्याभूतियों की एक स्कीम अधिसूचित की थी, जिससे कि थोक उपभोक्ता सहकारी भण्डार और उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों के राज्य तथा राष्ट्रीय परिसंघ बैंककारी अभिकरण से पर्याप्त कामकाज पूंजी प्राप्त करने में समर्थ हो सकें। इस स्कीम के अधीन, शीर्ष तथा जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की द्वितीय अनुसूची में शामिल किए गए किसी भी बैंक को उनके द्वारा इन सहकारी सोसाइटियों को दिए गए प्रतिभूत अग्रिम धनों के बारे में अस्थायी अवधि के लिए एक सीमित प्रत्याभूति की व्यवस्था की गई है। यह स्कीम 31 दिसम्बर, 1971 तक प्रवृत्त है।

2. भारत सरकार द्वारा, प्रत्याभूति स्कीम को जारी रखने के प्रश्न पर उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों को कम किए गए मार्जिनों पर बैंकों से ऋण सुविधाएं प्राप्त करने की आवश्यकता और सितम्बर, 1970 में हुए सहकारी सोसाइटियों के रजिस्ट्रारों और अक्तूबर, 1970 में हुए राज्य सहकारिता मंत्रियों के सम्मेलन द्वारा इस निमित्त की गई सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए विचार किया गया था, और यह विनिश्चय किया गया है कि प्रत्याभूति की इस स्कीम को, कुछ उपान्तरों के साथ, 1-1-1972 से 31-3-1974 तक आगे और अवधि के लिए प्रवृत्त रखा जाए। इस विनिश्चय के अनुसरण में भारत सरकार पूर्वोक्त बैंकों के साथ निम्नलिखित निबन्धनों और शर्तों पर करार करने के बारे में विचार करेगी।

3. केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति, थोक उपभोक्ता सहकारी भण्डारों और उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों के राज्य तथा राष्ट्रीय परिसंघों को ऐसे माल की गिरवी या आडमान के बदले में जिसके अन्तर्गत बही-ऋण, प्रतिभूतियां, विनिधान तथा अन्य जंगम सम्पत्ति भी है, प्रतिभू के लिखित पूर्व अनुमोदन से, 1 अप्रैल, 1974 से पूर्व, विनिर्दिष्ट अवधियों के लिए दिए गए प्रतिभूत उधारों तथा अग्रिम-धनों की बाबत ही उपलब्ध होगी। बैंकों को ऐसे उधारों तथा अग्रिम-धनों पर केवल 10 प्रतिशत का मार्जिन रखना है। किसी सोसाइटी को किसी ऐसे उधार या अग्रिम-धन उक्ती बाबत केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति की रकम निम्नलिखित तक सीमित होगी :—

(i) उस तारीख को जिसको करार के निबन्धनों के अनुसार मांग की सूचना बैंक द्वारा जारी की गई है, सोसाइटी के नाम बैंक की बहियों में वस्तुतः बकाया सब उधारों तथा अग्रिम धनों की रकम का 25 प्रतिशत ; या

(ii) राष्ट्रीय परिसंघ की दशा में 75 लाख रुपए (पचहत्तर लाख रुपए), राज्य परिसंघ की दशा में 50 लाख रुपए (पचास लाख रुपए) और ऐसी सोसाइटी जिसके कारबार का मुख्य स्थान बृहत्तर बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, दिल्ली, हैदराबाद, बंगलौर या अहमदाबाद में है, की दशा में 25 लाख रुपए (पच्चीस लाख रुपए) और किसी अन्य सोसाइटी की दशा में 15 लाख रुपए (पन्द्रह लाख रुपए),

इनमें से जो भी रकम कम हो।

4. इस अधिसूचना के अनुसरण में प्रत्याभूति, सरकार के लिखित पूर्व अनुमोदन से, 1 अप्रैल, 1974 से पूर्व, विनिर्दिष्ट अवधियों के लिए दिए गए प्रतिभूत उधारों तथा अग्रिम-धनों की बाबत उपलभ्य होगी । 1 अप्रैल, 1974 को या उसके पश्चात् प्रथम बार दिया गया कोई भी उधार या अग्रिम-धन और 31 मार्च, 1974 को विद्यमान किसी उधार या अग्रिम-धन की बाबत बकाया रकम में कोई भी वृद्धि प्रत्याभूति के अन्तर्गत नहीं आएगी । इस प्रत्याभूति के कारण उत्पन्न हुए केन्द्रीय सरकार के दायित्व का पर्यवसान 31 मार्च, 1974 को कारबार के बन्द होने के समय हो जाएगा ।

5. सोसाइटी, भारत के राष्ट्रपति के साथ इससे उपाबद्ध प्रत्याभूति-विलेख की प्रथम अनुसूची में उपबन्धित प्ररूप में एक करार करेगी और निम्नलिखित के लिए वचनबन्ध करेगी :—

(क) बैंक द्वारा उधार, अग्रिम धन या नकद उधार मंजूर करते समय अधिकथित शर्तों के अनुसार बैंक के देयों को नियमित रूप से और शीघ्रता से संदत्त करने के लिए ;

(ख) लाभ कमाने की दृष्टि से सोसाइटी का कारबार तत्परता पूर्वक करने के लिए;

(ग) केन्द्रीय सरकार को उन सब धन-राशियों का प्रतिसंदाय मांग पर बिना पूर्वापत्ति के करने की भी प्रत्याभूति देने के लिए , जो बैंक द्वारा सोसाइटी की ओर से बैंक को संदाय करने में व्यतिक्रम के फलस्वरूप केन्द्रीय सरकार से वसूल की जाए;

(घ) स्टाकों के नियमित सत्यापन की पद्धति का कार्यान्वित करने, तदोपरान्त कमियों का तत्काल निर्धारण करने, उसके लिए जिम्मेदारी नियत करने और जिम्मेदार व्यक्तियों से उनके मूल्य की वसूली करने के लिए ;

(ङ) सोसाइटियों, संस्थाओं तथा व्यक्तियों को उधार देने की सुविधाओं का विस्तार करने में कड़ी सावधानी बरतने और साथ ही उनकी व्यवस्थित तथा तत्काल वसूली के लिए उपाय करने के लिए;

(च) प्रत्येक तिमाही की अन्तिम तारीख को तिमाही व्यापार और लाभ तथा हानि और तुलन-पत्र का तैयार किया जाना और साथ ही सोसाइटी के कार्यकरण की तिमाही प्रबन्ध-रिपोर्ट का तैयार किया जाना सुनिश्चित करने और प्रत्येक तिमाही में उसकी एक प्रति केन्द्रीय सरकार को भेजने के लिए ;

(छ) केन्द्रीय सरकार या इस निमित्त उसके द्वारा नामनिर्देशित किए गए किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को सोसाइटी के लेखाओं तथा उसके कार्यकरण की परीक्षा करने के लिए सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए; और

(ज) केन्द्रीय सरकार द्वारा सोसाइटी के कार्यकरण के किसी पहलू के बारे में जारी किए गए किन्हीं अनुदेशों का पालन उचित समय के भीतर करने के लिए ।

यह करार धन राशि निकालने की तारीख से पूर्व निष्पादित किया जाएगा । बैंक कोई संदाय तब तक नहीं करेगा जब तक कि हस्ताक्षरित करार तथा प्रत्याभूति-विलेख की द्वितीय अनुसूची में उपबन्धित प्ररूप में सम्मति-पत्र नहीं दे दिया जाते हैं ।

6. केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति बैंक द्वारा दिए गए उधारों तथा अग्रिम-धनों पर ब्याज के लिए लागू नहीं होती है ।

7. प्रत्येक बैंक ऐसे सभी वचन-पत्रों या वसूल न की गई प्रतिभूतियों को, जो बैंकों को उनके द्वारा सोसाइटी को दिए गए ऐसे उधारों के बारे में उपलभ्य हों, केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति के अधीन बैंक द्वारा दिए गए उधारों तथा अग्रिम-धनों की बाबत उसको देय सम्पूर्ण बकाया की उसके द्वारा वसूली के बाद भी तब तक प्रतिधारित रखेगा जब तक कि केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूतिदाता के रूप में प्रतिपूरित रकम की वसूली न हो जाए ।

8. बैंक प्रत्याभूति-विलेख की द्वितीय अनुसूची में दिया गया इस आशय का एक सम्मति-पत्र सोसाइटी से अभिप्राप्त करेगा और केन्द्रीय सरकार को देगा कि सोसाइटी निम्नलिखित रूप में करार करती है कि :—

(क) वह प्रत्याभूति के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार द्वारा बैंक को संदत्त की गई किसी रकम पर ब्याज उसी दर से जिस दर से सोसाइटी को दिए गए उधार अग्रिम-धन पर ब्याज बैंक द्वारा प्रभारित किया गया है या किया जाए तब तक देती रहेगी जब तक उक्त रकम केन्द्रीय सरकार को संदत्त या उसके पक्ष में समययोजित नहीं कर दी जाती ;

(ख) उस तारीख के पश्चात् जिसको प्रत्याभूति के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार ने किसी रकम की प्रतिपूर्ति बैंक को की है, किन्तु प्रत्याभूति के अन्तर्गत आने वाले उधारों तथा अग्रिम-धनों की बाबत बैंक के दावे की पूरी-पूरी तुष्टि हो जाने के पश्चात् और उस समय तक जब तक उन रकमों की जिनकी केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की गई है और उन पर ब्याज तथा प्रभारों सहित सोसाइटी द्वारा प्रतिपूर्ति नहीं कर दी जाती, उधार या अग्रिम-धन लेखे सोसाइटी द्वारा दी गई या सोसाइटी से वसूल की गई सब रकमों को जमा होने देगी या जमा करने के लिए बैंक को अनुज्ञा देगी ;

(ग) सब ऐसे उधारों तथा अग्रिम-धनों की बाबत बैंक के पक्ष में की प्रतिभूतियों पर सभी अधिकार बैंक के पास होंगे और वह उनका प्रयोग करता रहेगा जब तक कि केन्द्रीय सरकार के ऐसे सब दावों की सुष्टि नहीं हो जाती; और

(घ) बैंक ऐसी प्रतिभूतियों के अधीन अपने अधिकारों और दावों का अन्तरण केन्द्रीय सरकार को उस दशा में करेगा जब पश्चात्कथित द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाए ।

9. बैंक द्वारा किसी विशिष्ट सोसाइटी की बाबत केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति का आसरा एक से अधिक बार नहीं लिया जाएगा । प्रत्याभूति का आसरा 1 अप्रैल, 1974 से पूर्व किसी भी समय लिया जा सकेगा । बैंक पहले सोसाइटी के नाम इस मांग की सूचना जारी करेगा कि वह उन रकमों को, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत किए गए उधारों और अग्रिम-धनों लेखे अपने को देय हों, सूचना की तारीख से 30 दिन के भीतर संदत्त करें । यदि सोसाइटी इस अवधि की समाप्ति पर रकमों का संदाय नहीं करती है, तो बैंक केन्द्रीय सरकार के नाम मांग की सूचना जारी करेगा । केन्द्रीय सरकार बैंक को प्रत्याभूति के अधीन संदेय रकम की प्रतिपूर्ति उस तारीख से 90 दिन के भीतर करेगी जिसको उसे प्रत्याभूति का आसरा लेने और संदाय का दावा करने की बैंक की सूचना प्राप्त हो ।

10. इस अधिसूचना के अनुसरण में प्रत्याभूति चाहने वाला बैंक, किसी उधार या अग्रिम-धन की बाबत सरकार की प्रत्याभूति का आसरा लिए जाने की दशा में केन्द्रीय सरकार के नाम उन रकमों को जमा करने के लिए वचनबद्ध करेगा, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत उधारों तथा अग्रिम-धनों की पूरी वसूली बैंक द्वारा सोसाइटी से किए जाने के पश्चात् सोसाइटी से वसूल की जा सकें । बैंक के लिए यह बाध्यकर होगा कि वह प्रत्याभूति के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा रकम की प्रतिपूर्ति किए जाने के पश्चात् उपरोक्त रीति से कार्यवाही करे ।

11. उपरोक्त खण्डों में निर्दिष्ट बैंक की बाध्यताएं उस समय तक जारी रहेंगी जब तक कि वह रकम, जिसकी प्रत्याभूति के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति कर दी गई है, केन्द्रीय सरकार को संदत्त नहीं कर दी जाती या केन्द्रीय सरकार के नाम जमा नहीं कर दी जाती या जब तक केन्द्रीय सरकार उक्त रकम का समायोजन अपने द्वारा बैंक या सोसाइटी को संदेय किसी अन्य रकम से करने या उस रकम की वसूली का अधित्यजन करने के लिए सहमत नहीं हो जाती ।

12. निदेशक (प्रत्याभूति तथा प्रवर्तन), सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय नई दिल्ली या उसकी अनुपस्थिति में उस मंत्रालय के उपभोक्ता सहकारी प्रभाग में कोई अन्य निदेशक इस अधिसूचना के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति के लिए बैंकों के साथ प्रत्याभूति का विहित करार करने का प्राधिकारी होगा । अधिसूचना में निर्दिष्ट सभी बैंकों को सलाह दी जाती है कि यदि वे केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गई सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं तो वे निदेशक (प्रत्याभूति तथा प्रवर्तन), सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय से सम्पर्क स्थापित करें ।

ए० दास, संयुक्त सचिव

प्रथम अनुसूची

करार

एक पक्षकार के रूप में.....भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् 'केन्द्रीय सरकार' कहा गया है, जिस पद के अन्तर्गत, जब तक संदर्भ से अपवर्जित या उसके विरुद्ध न हो, उनके पद-उत्तरवर्ती और समनुदेशिती भी समझे जाएंगे) और दूसरे पक्षकार के रूप में.....जो .....के अधीन रजिस्ट्रीकृत सहकारी सोसाइटी है और जिसका रजिस्ट्रीकृत/केन्द्रीय/मुख्य कार्यालय .....में है (और जिसे इसमें इसके पश्चात् 'सोसाइटी' कहा गया है जिस पद के अन्तर्गत, जब तक संदर्भ से अपवर्जित या उसके विरुद्ध न हो, उसके निष्पादक, प्रशासक, प्रतिनिधि और अनुज्ञात समनुदेशिती और उत्तराधिकारी भी समझे जाएंगे) के बीच आज 19....के/की.....के.....दिन किया गया यह करार निम्नलिखित का साक्षी है :—

.....बैंक लिमिटेड के द्वारा सोसाइटी को उधार, अग्रिम-धन, नकद-द्रव्य सीमाएं और अन्य बैंककारी सुविधाएं और सहूलियतें देने के प्रतिफल-स्वरूप, अन्य बातों के साथ-साथ, बैंक द्वारा सोसाइटी को दिए गए उधार और अग्रिम-धन के एक भाग के प्रतिसंदाय की केन्द्रीय सरकार के द्वारा प्रत्याभूति देने पर, सोसायटी केन्द्रीय सरकार से एतद्द्वारा वचनबद्ध करती है कि वह :—

(i) बैंक द्वारा, उधार, अग्रिमधन का नकद-द्रव्य मंजूर करते समय अधिकथित शर्तों के अनुसार बैंक के देयों को नियमित रूप से और शीघ्रता से संदत्त करेगी ;

(ii) लाभ कमाने की दृष्टि से सोसायटी का कारबार तत्परतापूर्वक करेगी ;

(iii) स्टाकों के नियमित सत्यापन की पद्धति को कार्यान्वित करेगी, तदोपरान्त कमियों का तत्काल निर्धारण करेगी, उसके लिए जिम्मेदारी नियत करेगी और जिम्मेदार व्यक्तियों से उनके मूल्य की वसूली करेगी ;

(iv) सोसाईटियों, संस्थाओं तथा व्यक्तियों को उधार देने की सुविधाओं का विस्तार करने में बड़ी सावधानी बरतेगी और साथ ही उनकी व्यवस्थित तथा तत्काल वसूली के लिए उपाय करेगी ;

(V) प्रत्येक तिमाही की अन्तिम तारीख को तिमाही व्यापार और लाभ तथा हानि और तुलन-पत्र का तैयार किया जाना और साथ ही सोसाइटी के कार्यकरण की तिमाही प्रबन्ध रिपोर्ट का तैयार किया जाना सुनिश्चित करेगी और प्रत्येक तिमाही में उसकी एक प्रति केन्द्रीय सरकार को भेजेगी ;

(VI) केन्द्रीय सरकार या इस निमित्त उसके द्वारा नामनिर्दिशित किए गए किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को अपने लेखाओं तथा अपने कार्यकरण की परीक्षा करने के लिए सभी सुविधाएं प्रदान करेगी ; तथा

(VII) केन्द्रीय सरकार द्वारा सोसाइटी के कार्यकरण के किसी पहलू के बारे में जारी किए गए किन्हीं अनुदेशों का पालन उचित समय के भीतर करेगी।

2. सोसाइटी केन्द्रीय सरकार को उन सब धन-राशियों का प्रतिसंदाय मांग पर बिना पूर्वापत्ति के करने की प्रत्याभूति करती है जो बैंक द्वारा केन्द्रीय सरकार से सोसाइटी की ओर से किए गए व्यतिक्रम के फलस्वरूप वसूल की जाएं।

3. उपरोक्त खंड 2 के सिवाय, इस करार से उद्भूत होने वाले या इससे किसी प्रकार से सम्बद्ध या सम्बन्धित सभी विवाद और मतभेद भारत सरकार के अपर विधि सलाहकार (माध्यस्थम्) का पद धारण करने वाले व्यक्ति के एक मात्र माध्यस्थम् के लिए निर्देशित किए जाएंगे। यह कोई आपत्ति नहीं होगी कि मध्यस्थ सरकारी सेवक है या कि उसने विवाद या मतभेद के सभी या किसी मामले पर अपने विचार प्रकट किए हैं। भारतीय माध्यस्थम् अधिनियम के उपबन्ध ऐसे माध्यस्थमों को लागू होंगे। मध्यस्थ का पंचाट अन्तिम होगा और दोनों पक्षकारों पर आबद्धकर होगा।

भारत के राष्ट्रपति के लिए
और उनकी ओर से ——(नाम और पदाभिधान)
द्वारा हस्ताक्षरित।
सोसाइटी के प्राधिकृत प्रतिनिधि
(प्रतिनिधियों) द्वारा हस्ताक्षरित
(नाम और पदाभिधान)
साक्षी

1.

2.

उपाबन्ध I

प्रत्याभूति-विलेख

एक पक्षकार के रूप में भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् "प्रतिभू" कहा गया है) और दूसरे पक्षकार के रूप में ——————लि०, जो कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अधीन निगमित की गई कम्पनी है। भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 (1955 का 23) के अधीन गठित किया गया निगम है। भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक') अधिनियम, 1959 (1959 का 38)। हैदराबाद स्टेट बैंक अधिनियम, 1956 (1956 का 79)। सौराष्ट्र स्टेट बैंक अधिनियम 1950 के अधीन गठित किया गया निगम है।——————————के अधीन रजिस्ट्रीकृत सहकारी सोसाइटी है, और जिसका ——————कार्यालय——————में है (जिसे इसमें इसके पश्चात् "बैंक" कहा गया है) के बीच 19———के। की——————के ——————दिन किया गया यह प्रत्याभूति -विलेख निम्नलिखित का साक्षी है।

बैंक द्वारा——————————को (जिसे इसमें इसके पश्चात् "सोसाइटी" कहा गया है) पश्चातकथित के निवेदन पर, उन सामान्य प्रक्रियाओं, प्रथाओं, मार्जिनों या अन्य अपेक्षाओं को जिनका बैंक ने, इस प्रत्याभूति के अभाव में' सामान्य रूप से या प्रथा के अनुरूप या प्रज्ञा से अथवा बैंक के अधिकारों तथा हितों के और अच्छे संरक्षण के लिए अनुसरण किया होता या सोसाइटी से उनको स्वीकार करने, उनका अनुपालन करने या अनुसरण करने की अपेक्षा की होती, शिथिल, उपान्तरित या अधित्यक्त करने के उधार और अग्रिम धन देने के प्रफिलस्वरूप प्रतिभू बैंक को इसमें इसके पश्चात उपबन्धित परिमाण तक उधारों और अग्रिमधनों को सोसाइटी द्वारा बैंक को प्रतिसंदाय, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर बैंक को एतद्द्वारा प्रत्याभूत करता है जो इसमें इसके पश्चात उल्लिखित हैं :—

1. प्रतिभू की प्रतिभूति, बैंक द्वारा प्रतिभू के लिखित पूर्व अनुमोदन से सोसाइटी को विनिर्दिष्ट अवधियों के लिए 1 अप्रैल, 1974 से पूर्व दिए गए किसी ऐसे प्रतिभूत उधार या अग्रिम-धन की बाबत ही उपलभ्य होगी जो माल की गिरवी या आडमान के बदले में, जिसके अन्तर्गत बही-ऋण, प्रतिभूतियां, विनिधान तथा अन्य जंगम सम्पत्ति भी है, दिया गया हो। बैंक ऐसे उधारों और अग्रिम-धनों के लिए केवल 10 प्रतिशत का मार्जिन रखने के लिए सहमत है।

2. उक्त सोसाइटी को उपरोक्त रूप में दिए गए उधार या अग्रिम धन की बाबत प्रतिभू का दायित्व, किसी भी समय, निम्नलिखित में से जो भी रकम सबसे कम हो उससे अधिक नहीं होगा :—

(i) उस तारीख को जिसको प्रतिभू के नाम मांग की सूचना इसके खंड (3) के उपबन्धों के अनुसार बैंक द्वारा जारी की जाती है, सोसाइटी के नाम बैंक की बहियों में वस्तुत: बकाया सब उधारों तथा अग्रिम-धनों की रकम का पच्चीस प्रतिशत;

या

(ii)——————————लाख रुपये इनमें जो भी रकम कम हो।

3. बैंक 1 अप्रैल, 1974 से पूर्व किसी भी समय प्रतिभू की प्रत्याभूति का आसरा इसमें इसके पश्चात विनिर्दिष्ट रीति से ले सकेगा, अर्थात् :—

(i) बैंक पहले सोसाइटी के नाम इस मांग की सूचना जारी करेगा कि वह उन रकमों को, जो उसे

बैंक द्वारा दिए गए और प्रतिभू द्वारा प्रत्याभूत किए गए उधारों और अग्रिम-धनों लेखे अपने को देय हों, उस तारीख से तीस दिन के भीतर संदत्त करें जिसको ऐसा प्रतिसंदाय मांगने की सूचना बैंक द्वारा तामील की गई है,

( ) यदि सोसाइटी, यथापूर्वोक्त 30 दिन की अवधि की समाप्ति पर, बैंक द्वारा उसे दिए गए और प्रतिभू द्वारा प्रत्याभूत किए गए उधारों तथा अग्रिम-धनों का संदाय नहीं करती है, तो बैंक प्रतिभू के नाम मांग की सूचना जारी करेगा,

( ) बैंक प्रतिभू की प्रत्याभूति का आसरा लेते समय, प्रतिभू को निम्नलिखित विवरण देगा :—

(i) उन मालों का ब्यौरा, जिन पर ऐसा उधार या अग्रिम-धन दिया गया है जिसकी बाबत प्रत्याभूति का आसरा लिया गया है;

(ii) उक्त मालों का बाजार मूल्य; और

(iii) निम्नलिखित तारीखों को सोसाइटी के नाम बकाया रकमें :—

(क) उस तारीख को जिसको प्रतिसंदाय मांगने की सूचना बैंक द्वारा सोसाइटी के नाम जारी की गई थी, तथा

(ख) प्रतिसंदाय मांगने की सूचना की तारीख से तीस दिन की समाप्ति पर, और

(IV) प्रतिभू बैंक को देय रकम की इस प्रत्याभूति में उपबन्धित परिमाण तक प्रतिपूर्ति उस तारीख से नब्बे दिन के भीतर करेगा जिसको प्रत्याभूति का आसरा लेने और संदाय का दावा करने की बैंक की सूचना प्रतिभू ने प्राप्त की हो ।

4. इसमें अन्तर्दिष्ट प्रत्याभूति इस बात के होते हुए भी प्रतिभू के विरुद्ध प्रवृत्त की जा सकेगी कि कोई प्रतिभूतियां जो बैंक ने सोसाइटी से अभिप्राप्त की हों बकाया हों या वसूल न की गई हों ।

5. प्रत्याभूति विलेख की प्रथम अनुसूची में उपाबद्ध प्ररूप में सोसाइटी भारत के राष्ट्रपति के साथ एक करार करेगी और इसके लिए वचनबंध करती है कि वह :—

(क) बैंक द्वारा उधार, अग्रिम-धन या नकद-द्रव्य मंजूर करते समय अधिकथित शर्तों के अनुसार बैंक के देयों को नियमित रूप से और शीघ्रता से संदत्त करेगी ;

(ख) लाभ कमाने की दृष्टि से सोसाइटी का कारबार तत्परतापूर्वक करेगी ;

(ग) केन्द्रीय सरकार को, उन सब धनराशियों का प्रतिसंदाय मांग पर बिना पूर्वापत्ति के करने की भी प्रत्याभूति देगी जो बैंक द्वारा सोसाइटी की ओर से बैंक को संदाय करने में व्यतिक्रम के फलस्वरूप केन्द्रीय सरकार से वसूल की जाएं ;

(घ) स्टाकों के नियमित सत्यापन की पद्धति को कार्यान्वित करेगी तदोपरान्त कमियों का तत्काल निर्धारण करेगी, उसके लिए जिम्मेदारी नियत करेगी और जिम्मेदार व्यक्तियों से उनके मूल्य की वसूली करेगी ;

(ङ) सोसाइटियों, संस्थाओं तथा व्यक्तियों को उधार देने की सुविधाओं का विस्तार करने में बड़ी सावधानी बरतेगी और साथ-साथ उनकी व्यवस्थित तथा तत्काल वसूली के लिए उपाय करेगी ;

(च) प्रत्येक तिमाही की अन्तिम तारीख को तिमाही व्यापार और लाभ तथा हानि और तुलन-पत्र का तैयार किया जाना और साथ ही सोसाइटी के कार्यकरण की तिमाही प्रबन्ध रिपोर्ट का तैयार किया जाना सुनिश्चित करेगी और प्रत्येक तिमाही में उसकी एक प्रति प्रतिभू को भेजेगी ;

(छ) प्रतिभू या इस निमित्त उसके द्वारा नामनिर्देशित किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को अपने लेखाओं तथा अपने कार्यकरण की परीक्षा करने के लिए सभी सुविधाएं प्रदान करेगी ;

(ज) प्रतिभू द्वारा सोसाइटी के कार्यकरण के किसी पहलू के बारे में जारी किए गए किन्हीं अनुदेशों का पालन उचित समय के भीतर करेगी।

बैंक सोसाइटी को कोई संदाय नहीं करेगा जब तक कि प्रत्याभूति विलेख की प्रथम अनुसूची के प्रफोर्मा में करार तथा द्वितीय अनुसूची के प्रफोर्मा में सम्मति-पत्र पक्षकारों द्वारा सम्यक्रूप से निष्पादित करके उसे नहीं दे दिए जाते।

6. बैंक उस प्रत्याभूति के प्रतिफलस्वरूप जो उसको प्रतिभू से उपलभ्य है, निम्नलिखित बातों के लिए सहमत होगा :—

(क) प्रतिभू को ऐसी कोई रकम संदत्त करना या उसके खाते में जमा करना, जो प्रतिभू द्वारा प्रत्याभूत रकम की प्रतिपूर्ति कर दिए जाने की तारीख के पश्चात्, प्रतिभू द्वारा प्रत्याभूत उधारों तथा अग्रिम-धनों की पूरी वसूली उसके द्वारा कर लिए जाने के पश्चात सोसाइटी से वसूल की जाएगी ;

(ख) ऐसे सब वचन-पत्रों या वसूल न की गई प्रतिभूतियों को, जो बैंक द्वारा सोसाइटी को दिए गए उधार के बारे में उसे उपलभ्य हों, बैंक को देय सम्पूर्ण बकाया की उसके द्वारा वसूली के पश्चात भी तब तक प्रतिधारित रखना जब तक प्रतिभू द्वारा प्रतिपूरित रकम की वसूली न हो जाए :

(ग) इसकी द्वितीय अनुसूची में उपबन्धित प्ररूप में एक सम्मति-पत्र सोसाइटी से अभिप्राप्त करना और प्रतिभू को देना ;

(घ) यदि प्रतिभू द्वारा अपेक्षा की जाए तो अपने को देय बकाया की पूरी वसूली बैंक द्वारा कर लिए जाने के पश्चात सब ऐसे वचन-पत्रों या प्रतिभूतियों को प्रतिभू तथा/या उसके नाम-निर्देशिती को अन्तरित करना किन्तु यह तब जब कि प्रतिभू को उसके द्वारा दी गई रकम की प्रतिपूर्ति न की गई हो; और

(ङ) इसके उपाबद्ध प्रत्याभूति-विलेख की प्रथम अनुसूची में उपबन्धित प्ररूप में एक करार सोसाइटी से अभिप्राप्त करना और प्रतिभू को देना, जैसा कि उसके खंड 5 में उपबन्ध किया गया है।

7. प्रतिभू की प्रत्याभूति सोसाइटी को मंजूर किए गए उधारों तथा अग्रिम-धनों पर ब्याज के बारे में लागू नहीं होगी ।

8. खंड 6 के उपबन्धों के अनुसरण में बैंक की बाध्यताएं उस समय तक जारी रहेंगी जब तक वह रकम जिसकी प्रतिभू द्वारा प्रतिपूर्ति की गई है प्रतिभू को चुका नहीं दी जाती या उसके नाम जमा नहीं कर दी जाती या जब तक प्रतिभू अपने द्वारा बैंक या सोसाइटी को संदेय किसी अन्य रकम लेखे उक्त रकम का समायोजन करने या उस रकम की वसूली का अधित्यजन करने के लिए सहमत नहीं हो जाता।

9. इस सोसाइटी की बाबत प्रतिभू की प्रत्याभूति का आसरा बैंक द्वारा एक से अधिक बार नहीं लिया जाएगा और यदि प्रतिभू की प्रत्याभूति का आसरा लिया गया है तो उसका आसरा लेने के पश्चात कोई उधार या अग्रिम-धन उस सोसाइटी को दिया जाता है जिसकी ओर से कोई रकम बैंक को प्रतिभू द्वारा संदत्त की गई है, तो कोई भी ऐसा उधार या अग्रिम-धन बैंक की अपनी जोखिम पर होगा था ऐसे अतिरिक्त उधार या अग्रिम-धन के लिए प्रतिभू का कोई दायित्व नहीं होगा ।

10. 1 अप्रैल, 1974 को या उसके पश्चात प्रथम बार दिया गया कोई भी उधार या अग्रिम-धन और 31 मार्च, 1974 को विद्यमान किसी उधार या अग्रिम-धन की बाबत बकाया रकम में कोई भी वृद्धि प्रतिभू द्वारा प्रत्याभूत नहीं की जायगी । प्रतिभू के दायित्व का पर्यवसान 31 मार्च, 1974 को कारबार बंद होने के समय हो जायगा।

11. प्रतिभू, ऐसे उधारों तथा अग्रिम-धनों की बाबत, जिनके सम्बन्ध में यह प्रत्याभूति बैंक को उपलभ्य है, ऐसी जानकारी और विवरणियां बैंक से अभिप्राप्त करने के लिए हकदार होगा और बैंक ऐसी जानकारी और विवरणियां ऐसे अन्तरालों पर तथा ऐसी रीति में देगा जैसी प्रतिभू द्वारा विनिर्दिष्ट या अपेक्षित की जाएं ।

12. यदि इस करार से उद्भूत या इसके सम्बन्ध में या इसके अर्थ या निर्वचन के बारे में अथवा इस करार की बाबत अन्यथा किसी भी प्रकार का कोई मतभेद या विवाद इसके पक्षकारों के बीच हो तो वह तत्समय भारत सरकार के अपर वित्त-सलाहकार (माध्यस्थम्) का पद धारण करने वाले व्यक्ति के एकमात्र माध्यस्थम् के लिए निर्देशित किया जाएगा और उक्त अधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा तथा दोनों पक्षकारों पर आबद्धकर होगा । यह कोई आपत्ति नहीं होगी कि मध्यस्थ सरकारी सेवक है, उसे उन मामलों में जिनसे यह प्रत्याभूति संबंधित है, कार्रवाई करनी पड़ी पड़ी थी या यह कि सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों के अनुक्रम में वह उन सब बातों पर या उनमें से किसी पर, जिनके बारे में विवाद या मतभेद है, अपने विचार प्रकट कर चुका है। माध्यस्थम् अधिनियम, 1940 के उपबन्ध या उसके कोई कानूनी उपान्तरण या पुनरविनियमन ऐसे माध्यस्थम् को लागू होंगे ।माध्यस्थम् की कार्यवाहियां उस स्थान पर की जाएंगी जिसे मध्यस्थ विनिश्चत करे । मध्यस्थ को यह हक होगा कि वह पंचाट करने का समय पक्षकारों की सम्मत्ति से समय-समय पर बढ़ा सके ।

13. इस प्रत्याभूति-विलेख पर यदि कोई स्टाम्प-शुल्क देय हो तो वह भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा ।

14. इसके साक्ष्यस्वरूप प्रतिभू बैंक ने यह विलेख ऊपर उल्लिखित दिन तथा वर्ष को सम्यक् रूप से निष्पादित कराया है ।

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से परिसर में कार्यशील भारत सरकार के कृषि मंत्रालय (सहकारिता विभाग) में निदेशक (प्रत्याभूति तथा प्रचालन) के हस्ताक्षर ।

निम्नलिखित की उपस्थिति में :—

साक्षी (1)

(2)

द्वितीय अनुसूची

सम्मति-पत्र

सेवा में

1.————————बैंक ।

2. भारत के राष्ट्रपति ।

————————————@द्वारा (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'बैंक' कहा गया है)————————*को दिए गए उधारों तथा अग्रिम-धनों के एक भाग में प्रतिसंदाय को प्रत्याभूत करने के लिए भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् "राष्ट्रपति" कहा गया है) के सहमत हो जाने के फलस्वरूप, हम एतद्द्वारा यह करार करते हैं कि कोई भी वचन-पत्र तथा माल की गिरवी या आडमान के रूप में कोई भी प्रतिभूति, जिसके अंतर्गत बही-ऋण, प्रतिभूतियां, विनिधान तथा अन्य जंगम सपत्ति भी हैं, जो ऐसे उधारों तथा अग्रिम-धनों के सम्बन्ध में हमने बैंक को दी है और हमारे द्वारा दी जाए, इस बात के होते हुये भी अस्तित्व में रहेगी तथा बैंक द्वारा प्रतिधारित की जा सकेगी कि राष्ट्रपति द्वारा बैंक को दी गई प्रत्या-

भूति के अनुसरण में, राष्ट्रपति ने हमारे खाते में की किसी कमी को पूरा कर दिया है। हम यह और करार करते हैं कि—

(क) हम राष्ट्रपति की प्रत्याभूति के अनुसरण में राष्ट्रपति द्वारा बैंक को दी गई किसी रकम पर ब्याज, उसी दर से जिस दर से हम को दिए गए उधार या अग्रिम-धन पर ब्याज बैंक द्वारा प्रभारित किया गया है या किया जाए, तब तक देते रहेंगे जब तक उक्त रकम राष्ट्रपति को संदत्त या उनके पक्ष में समायोजित नहीं कर दी जाती;

(ख) उस तारीख के पश्चात् जिसको राष्ट्रपति की प्रत्याभूति के अनुसरण में राष्ट्रपति ने किसी रकम की प्रतिपूर्ति बैंक को की है, किन्तु राष्ट्रपति की प्रत्याभूतियों के अन्तर्गत आने वाले उधारों तथा अग्रिम-धनों की बाबत बैंक के दावे की पूरी पूरी तुष्टि हो जाने के पश्चात् और उस समय तक जबतक उन रकमों की, जिनकी राष्ट्रपति द्वारा प्रतिपूर्ति की गई है, उन पर ब्याज तथा प्रभारों सहित, हमारे द्वारा प्रतिपूर्ति नहीं कर दी जाती, उधार या अग्रिम-धन लेखे हमारे द्वारा दी गई या हमसे वसूल की गई सब रकमों को जमा करेंगे या जमा करने के लिए बैंक को अनुज्ञा देंगे;

(ग) ऐसे सब उधारों तथा अग्रिम-धनों की बाबत बैंकों के पक्ष में की गई प्रतिभूतियों के बारे में सभी अधिकार बैंक के पास रहेंगे और वह उनका प्रयोग करता रहेगा जब तक कि राष्ट्रपति के ऐसे सभी दावों की, जो खंड (ख) में निर्दिष्ट किए गए हैं; तुष्टि नहीं हो जाती; और

(घ) ऐसी प्रतिभूतियों के अधीन अपने अधिकारों तथा दावों का बैंक उस दशा में राष्ट्रपति को अन्तरण करेगा यदि उनके द्वारा या उनकी ओर से ऐसी अपेक्षा की जाए।

*सोसाइटी का नाम

@बैंक का नाम

कम्पनी कार्य विभाग

(कम्पनी विधि बोर्ड)

नई दिल्ली-1, दिनांक 15 दिसंबर 1971

आदेश

सं० 53/1/70-सी० एल०-II—कम्पनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) की धारा 209 की उपधारा (4) के खंड (ख) के उपखंड (2) के अंतर्गत कंपनी विधि बोर्ड, एतद्द्वारा भारत सरकार कंपनी कार्य विभाग के एक अधिकारी श्री डी० के० लाहिरी, सहायक निरीक्षण अधिकारी को उक्त धारा 209 के उद्देश्य के लिए प्राधिकृत करता है।

के० डी० घोष, अवर सचिव

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 दिसंबर 1971

विषय:—राष्ट्रीय ग्रामीण उच्च शिक्षा परिषद

सं० एफ० 1-2/71 आर० एच० यू०-1—इस मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एफ० 1-4/69 यू० 4 दिनांक 14 अगस्त, 1969 में आंशिक संशोधन करते हुए ग्रामीण उच्च शिक्षा परिषद् के गठन में एतद्द्वारा निम्नलिखित परिवर्तनों को अधिसूचित किया जाता है।

(क) **पदेन**

1. श्री सिद्धार्थ शंकर रे (अध्यक्ष)
   शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्री
   नई दिल्ली।
2. श्री एस० नरुल हसन (उपाध्यक्ष)
   राज्य शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्री
   नई दिल्ली।
3. श्री टी० पी० सिंह (सदस्य)
   सचिव
   शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय

आर० एम० चितकारा, उप शिक्षा सलाहकार

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 16 दिसंबर 1971

सं० 71/आर० ई०/161/9—रेलवे लाइनों तथा परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं की सामान्य जानकारी के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि शिकोहाबाद (छोड़कर)—टूण्डला (छोड़कर) के बीच (निर्माण सं० कि० मी० 1213/961.45 से कि० मी० 1245/895.80 तक) 25,000 वोल्ट, 50 साइकल ए० सी० उपरी कर्षण तारों में 25 दिसंबर, 1971 को या इसके बिजली संचारित कर दी जाएगी। उस तारीख को और उस तारीख से ऊपरी कर्षण तार हर समय बिजली युक्त माने जाएंगे। अतः कोई अनधिकृत व्यक्ति उनके पास न जाए और न उनके सान्निध्य में काम करे।

सं० 71/आर० ई०/161/9—रेलवे लाइनों तथा परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं की सामान्य जानकारी के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इटावा-शिकोहाबाद के बीच (निर्माण सं० कि० मी० 1158/5 और 6 से कि० मी० 1213/961.45 तक) 25,000 वोल्ट, 50 साइकल ए० सी० ऊपरी कर्षण तारों में 6-7-1971 को बिजली संचारित कर दी गई है। उस तारीख को और उस तारीख से ऊपरी तार हर समय बिजली युक्त हैं। अतः किसी अनधिकृत व्यक्ति को उनके पास नहीं जाना चाहिए और न उनके सान्निध्य में काम करना चाहिए।

वेद प्रकाश साहनी, सचिव,
रेलवे बोर्ड

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 11 दिसंबर 1971

संकल्प

सं० ई० एल०—तीन—13(17)/70—दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान की विभिन्न मांगों की जांच करने के लिए श्री टी० शिवणंकर, आई० सी० एस० (निवृत्त) की अध्यक्षता में एक समिति की नियुक्ति के संबंध में इस मंत्रालय के संकल्प संख्या ई० एल०—तीन—13(17)/70, दिनांक 14 जनवरी, 1971 के अनुक्रम में यह फैसला किया गया है कि निम्नलिखित अतिरिक्त निर्देश पद समिति को उनकी सिफारिशों के लिए निर्दिष्ट किए जाएं :—

(1) क्या दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान के उत्पादन इंजीनियर तथा पर्यवेक्षक संघ की निम्नलिखित मांगों के लिए पर्याप्त औचित्य है :—

(क) उनके वेतनमानों का संशोधन।

(ख) समय-मान पदोन्नति को लागू करना।

(ग) सहायक नियंत्रकों को विशेष वेतन देना।

(घ) प्रचालन स्टाफ की भरती केवल सहायक नियंत्रक स्तर पर ही करनी।

(ङ) उत्पादन स्टाफ को वाहन भत्ता देना।

और यदि है तो इस सम्बन्ध में सुझाव देना।

(2) समिति ऐसी सामान्य सिफारिशें भी करेगी जो कि इंजीनियरों और स्टाफ में संतोष की भावना उत्पन्न करने के लिए वांछनीय या उचित समझी जाती हो।

2. यह फैसला किया गया है कि समिति की कार्यविधि को, जो कि इस मंत्रालय के संकल्प संख्या ई० एल०—तीन—13(17)/70, दिनांक 20-7-1971 के द्वारा 14 नवंबर, 1971 तक बढ़ाई गई थी, 29-2-72 तक और बढ़ाया जाए। समिति की रिपोर्ट सिंचाई और विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, को 29 फरवरी, 1972 तक प्रस्तुत कर दी जाएगी।

आदेश

सं० ई० एल०—तीन—13(17)/70—आदेश दिया जाता है कि उपयुक्त संकल्प को दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, प्रधान मंत्री सचिवालय, कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति के सचिव, उपराष्ट्रपति के सचिव, योजना आयोग, भारत के महानियंत्रक और लेखा परीक्षक और दिल्ली प्रशासन को प्रेषित किया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

श्री ना० विश्रे, संयुक्त सचिव

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

नई दिल्ली—1, दिनांक 8 दिसंबर 1971

सं० ए०—18015/30/71—एफ० एस० सी०—एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संकल्प संख्या 7/51/69-एफ० आई० (एन० ए०), तारीख 7 मई, 1971 में प्रकाशित फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार नियमावली के नियम 3 के उपनियम (1), (2) तथा (3) और नियम 23 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार ने फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों की केन्द्रीय समिति तथा प्रादेशिक समितियों—1970 द्वारा दी गई सिफारिशों के आधार पर निम्नलिखित फिल्मों, निर्माताओं, निर्देशकों, कलाकारों तथा तकनीशियनों को पुरस्कार देने का निर्णय किया है :

संख्या	फिल्म का नाम	पुरस्कार विजेता का नाम	पुरस्कार
1	2	3	4
	1. अखिल भारतीय पुरस्कार		
फीचर फिल्में			
1.	**राष्ट्रीय सर्वोत्तम फीचर फिल्म पुरस्कार :** "संस्कार" (कन्नड़)	**निर्माता तथा निर्देशक** श्री टी० पी० रामा रेड्डी 20-बी, सैन्ट मार्क्स रोड, बंगलौर—1.	राष्ट्रपति का स्वर्णपदक तथा 40,000 रुपए (चालीस हजार रुपए) का नकद पुरस्कार।

1	2	3	4
2.	**द्वितीय सर्वोत्तम फीचर फिल्म के लिए विशेष पुरस्कार :**		
	"प्रतिद्वन्दी"	**निर्माता**	
	(बंगला)	श्री नेपाल दत्त तथा अशीमदत्त, 95, रास बिहारी एवेन्यू, कलकत्ता–29	15,000 रुपए (पंद्रह हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक पदक।
		निर्देशक	
		श्री सत्यजीत राय 1/1, विशप लेफ्राय रोड, कलकत्ता–20	5,000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक प्रशस्ति चिह्न।
3.	**राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम फीचर फिल्म के लिए विशेष पुरस्कार :**		
	"तुरक्कता वातिल"	**निर्माता**	
	(मलयालम)	श्री ए० रघुनाथ, 1–10–121, बेगमपेट, हैदराबाद–16	30,000 रुपए (तीस हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक पदक।
		निर्देशक	
		श्री पी० भास्करन, 1–ए, डा० थामस रोड़, मद्रास–17	10,000 रुपए (दस हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक प्रशस्ति चिह्न।
4.	**निर्देशन में उत्कृष्टता का पुरस्कार :**		
	"प्रतिद्वन्दी"	**निर्देशक**	
	(बंगला)	श्री सत्यजीत राय 1/1, विशप लेफ्राय रोड, कलकत्ता–20	5,000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक प्रशस्ति चिह्न।
5.	**सिनेमाटोग्राफी 'ब्लैक एण्ड व्हाइट' में उत्कृष्टता का पुरस्कार :**		
	"उसकी रोटी"	**कैमरामैन**	
	(हिन्दी)	श्री के० के० महाजन, 1/138 नार्थ बंबई, हाउसिंग सोसायटी, जूहू, बम्बई–54.	5,000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक प्रशस्ति चिह्न।
6.	**सिनेमाटोग्राफी रंगीन में उत्कृष्टता का पुरस्कार:**		
	"मेरा नाम जोकर"	**कैमरामैन**	
	(हिन्दी)	श्री राधू करमाकर, ब्लाक नं० 5, फ्लैट नं० 69, सिओ वेस्ट, बंबई–22	5,000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक प्रशस्ति चिह्न।
7.	**वर्ष का सर्वोत्तम स्क्रीन प्ले पुरस्कार**		
	"प्रतिद्वन्दी"	**स्क्रिप्ट लेखक**	
	(बंगला)	श्री सत्यजीत राय 1/1 विशप लेफ्राय रोड कलकत्ता–20	5,000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक प्रशस्ति चिह्न।
8.	**वर्ष का सर्वोत्तम अभिनेता पुरस्कार:**		
	"दस्तक"	**अभिनेता**	
	(हिन्दी)	श्री संजीव कुमार, प्रवीण विला, डा० अम्बेदकर रोड, बंबई–50	एक छोटी मूर्ति (भरत पुरस्कार)

1	2	3	4
9.	वर्ष का सर्वोत्तम अभिनेत्री पुरस्कार : "दस्तक" (हिन्दी)	कुमारी रेहाना सुल्तान, नजीरवाडी, जुहू, बंबई।	एक छोटी मूर्ति (उर्वशी पुरस्कार)
10.	वर्ष का सर्वोत्तम गायक पुरस्कार : "निशी पद्मा" (बंगला) तथा "मेरा नाम जोकर" (हिन्दी)	गायक श्री मन्नाडे, मेहरकोर्ट, प्लाट नं० 54, डा० अलमेडा रोड, बान्द्रा, बंबई–50	एक प्रशस्ति चिह्न।
11.	वर्ष का सर्वोत्तम पार्श्व गायिका पुरस्कार : "जय जयन्ति" (बंगला) तथा "निशी पद्मा" (बंगला)	गायिका श्रीमती संध्या मुखर्जी, 146/10, लेक गार्डन्स, कलकत्ता–31	एक प्रशस्ति चिह्न।
12.	वर्ष का सर्वोत्तम बाल अभिनेता पुरस्कार : "मरा नाम जोकर" (हिन्दी)	बाल अभिनेता मास्टर ऋषि कपूर, द्वारा आर० के० फिल्म्स तथा स्टूडियो, चेम्बूर, बंबई–71.	एक प्रशस्ति चिह्न।
13.	वर्ष का सर्वोत्तम संगीत निर्देशक पुरस्कार : (धुनों की मौलिकता के लिए पुरस्कार) "दस्तक" (हिन्दी)	संगीत निर्देशक श्री मदन मोहन शान्ति भवन, पेडुर रोड़, बंबई–26.	5,000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक प्रशस्ति चिह्न।
14.	सर्वोत्तम सामाजिक डाकूमेन्टेशन फिल्म : "लेटेन्ट" (अंग्रजी)	निर्माता मसर्स फिल्म–ओ–पब, 140/4ए/1 नेताजी, सुभाष चन्द्रबोस रोड़, कलकत्ता–40 निर्देशक श्री बिप्लब रे चौधरी, 140/4ए/1 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस रोड़, कलकत्ता–40	5,000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक पदक। 2,000 रुपए (दो हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक प्रशस्ति चिह्न।
	प्रादेशिक पुरस्कार		
15.	फीचर फिल्में : "आनन्द" (हिन्दी)	निर्माता 1. श्री एन० सी० सिप्पी, "बिंदिया", दि बी–2 कपोले कोआपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि०, जुहू विले पार्ले स्कीम, बंबई–56. 2. श्री हृषिकेश मुखर्जी, 123/ए, कार्टर रोड़ बान्द्रा, बंबई–50.	5,000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार।

1	2	3	4
		निर्देशक श्री हृषिकेश मुखर्जी, 123/ए, कार्टर रोड़,बांद्रा; बंबई–50	एक पदक
16.	"मुम्बईचा जवाइ" (मराठी)	निर्माता श्री तुषार प्रधान, मक्रांड कोओपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि०, काडेल रोड, महीम, बंबई–16. निर्देशक श्रीमती राजा ठाकुर 423, शवर पेठ, पूना–2	5000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार एक पदक
17.	"मल्यादान" (बंगला)	निर्माता 1. श्री अजय कर, 1393 बी रासबिहारी एवेन्यू, कलकत्ता–29 2. श्री विम्ल दे, 13 सी, पालिट स्ट्रीट, कलकत्ता–19. निर्देशक श्री अजय कर, 139–बी, रास बिहारी एवेन्यू, कलकत्ता–29	5000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार एक पदक
18.	"देशमन्टे पतुसलोइ" (तेलुगू)	निर्माता श्री के० एस० के० नायडू, तथा जी० के० नायडू मेसर्स फिल्म क्रापर्टस, 47, नार्थ उस्मान रोड, मद्रास–17 निर्देशक श्री सी० एस० राव बी० ए० (लिट) मिनर्वा, विजय राघवचारी रोड, मद्रास–17	5000 रुपए (पांच हजार रुपए का नकद पुरस्कार एक पदक
19.	"रामन एत्तनै रामनड़ी (तमिल)	निर्माता तथा निर्देशक श्री पी० माधवन, 3, ईलगो सलाई, मद्रास–18	5000 (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार तथा एक पदक
20.	"एजुतात कथा" (मलयालम)	निर्माता मैसर्स जय मारुति,पिक्चर्स नं० 11, गोपाल कृष्ण रोड़, टी नगर, मद्रास–17	5000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार

1	2	3	4
		निर्देशक श्री ए० बी० राज, नं० 8, थर्ड मेन रोड, यूनाइटिड इंडिया कालोनी, मद्रास–24	एक पदक
21.	"नगुआ" हूबु (कन्नड़)	निर्माता श्री आर० एन० सुदर्शन, मैसर्स श्री सुदर्शन चित्रालय, 107 बानूमियां चौक, मैसूर	5000 रुपए (पांच हजार रुपए) का नकद पुरस्कार
		निर्देशक श्री आर० एन० के० प्रसाद, 55, सैकेन्ड मेन रोड़, राजा अन्नमलाईपुरम, मद्रास–28	एक पदक

दादा साहब फालके पुरस्कार :

फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार नियमावली के नियम 3 के उपनियम (4) तथा नियम 15 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार ने वर्ष 1971 का दादा साहब फालके पुरस्कार श्री बी० एन० सरकार को, भारतीय सिनेमा के लिए उनके विशिष्ट योगदान के लिए, देने का निर्णय किया है। पुरस्कार 11,000 रुपए (ग्यारह हजार रुपए) के नकद पुरस्कार तथा एक प्रशस्ति चिह्न और एक शाल का है।

के० के० खान, अवर सचिव,

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय

(श्रम और रोजगार विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 6 दिसंबर 1971

सं० क्यू०–16011(14)/71 डब्ल्यू० ई०—भारत सरकार एतद्द्वारा केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के नियम और विनियमों के नियम 8 के अनुसरण में श्री बी० बी० कामथ, अवैतनिक सचिव, औद्योगिक संपर्क परिषद् हीरा महल, 171 शिवाजी पार्क, रोड़ संख्या 5, बंबई–16 को, जो केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के एक सदस्य हैं, उक्त बोर्ड के शासी बोर्ड में श्री पी० बी० अडवानी के स्थान पर एक सदस्य बनने के लिए नामित करती है।

हंस राज छाबड़ा, अवर सचिव

नई दिल्ली दिनांक 17 दिसंबर 1971

संकल्प

सं० ए०-11016/1/70-एल० आर०-4—भारत के असाधारण राजपत्र भाग 1, खंड 1, तारीख 19 जुलाई 1969 में प्रकाशित भारत सरकार के संकल्प संख्या 31/7/68–एल० आर०–4 तारीख 19 जुलाई 1969 द्वारा स्थापित स्वचालन समिति की मियाद, जो भारत के राजपत्र के भाग 1, खंड 1 में प्रकाशित संकल्प संख्या ए–11016/1/70–एल० आर०–4 तारीख 16 सितंबर, 1971 द्वारा जो पहले 31 दिसंबर, 1971 तक बढ़ाई गई थी, एतद्द्वारा 30 जून, 1972 तक या समिति का कार्य पूर्ण हो जाने की तारीख तक, इनमें से जो भी पहले पड़ती हो, और आगे बढ़ाई जाती है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र के भाग 1, खण्ड 1 में प्रकाशित किया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, केन्द्र शासित प्रशासनों और सभी अन्य संबंधित कार्यालयों को भेजी जाएं।

आर० आनन्दाकृष्ण, संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 21st December 1971

No. 85-Pres./71.—Corrigendum—In this Secretariat Notification No. 26-Pres./69, dated 18th November, 1968, published in Part I, Section 1 of the Gazette of India dated the 24th May, 1969 :—

(1) In clause Secondly under the heading UNNAT RAKSHA SURAKSHA CORPS MEDAL—

For ".....the inscription in Hindi" उन्नत रक्षा सुरक्षा कौर मैडल" along the periphery."

Read ".....the inscription "UNNAT RAKSHA SURAKSHA CORPS MEDAL", both in Hindi and English, along the periphery."

(2) In clause Secondly under the heading RAKSHA SURAKSHA CORPS MEDAL—

For ".....the inscription in Hindi "रक्षा सुरक्षा कौर मैडल" along the periphery."

